कैनेडा के बैंकिंग से संबंधित शब्दों के लिए गाइड

इस गाइड के माध्यम से कैनेडा में बैंकिंग के बारे में अपना आत्मविश्वास बनाना शुरू करें।



कैनेडा में आपका स्वागत है

हम समझते हैं कि एक नए देश में स्थानांतरण करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उदाहरण के लिए, बैंकिंग से जुड़े कुछ शब्द आपके लिए नए हो सकते हैं। यह गाइड कैनेडा में बैंकिंग से जुड़े सामान्य शब्दों को समझने और अपने नए घर में बैंकिंग के बारे में अधिक विश्वस्त महसूस करने में आपकी सहायता कर सकती है।

विभिन्न देशों में पेश किए जाने वाले वित्तीय उत्पादों/सेवाओं के नियम और शर्तें अलग-अलग होंगी। नीचे दी गई जानकारी केवल व्याख्यात्मक उद्देश्यों के लिए प्रदान की गई है और इसे विभिन्न देशों में उपलब्ध उत्पादों के नियमों और शर्तों की व्यापक समीक्षा और तुलना नहीं माना जाना चाहिए। पूरी जानकारी के लिए कृपया अपने उत्पाद/सेवा के नियम और शर्तें देखें।

रोजमर्रा की बैंकिंग

चेकिंग खाता

आप इस बैंक खाते का उपयोग अपने दैनिक लेनदेन के लिए कर सकते हैं। भारत में, यह चालू खाते (Current Account) के समान है।

बचत खाता

इस प्रकार का खाता आम तौर पर आपके द्वारा इसमें जमा किए गए धन पर ब्याज का भुगतान करता है।

खाते में बकाया

किसी भी समय आपके खाते में मौजूद राशि।

डेबिट कार्ड

डेबिट कार्ड एक ऐसा कार्ड है जो आपको आपके जमा खाते तक पहुंच प्रदान करता है और इसका उपयोग सीधे आपके बैंक खाते से पैसे निकालने के लिए किया जा सकता है। आप इस कार्ड का उपयोग रिटेलर से की गई खरीदारी के भुगतान के लिए कर सकते हैं।

Visa डेबिट*

Visa डेबिट* आपके TD Access Card (एक्सेस कार्ड) की एक विशेषता है जिससे आप सीधे अपने बैंक खाते से पैसे का उपयोग करके ऑनलाइन खरीदारी कर सकते हैं, आवर्ती बिल/सदस्यता सेट कर सकते हैं और कैनेडा से बाहर यात्रा करते समय स्टोर में खरीदारी कर सकते हैं (जहां Visa स्वीकार किया जाता है)।

ऑटोमेटिड टेलर मशीन (ATM)

एक स्व-सेवा मशीन जहां आप बुनियादी बैंकिंग लेनदेन पूरे कर सकते हैं और अपने डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड, और एक पिन का उपयोग करके नकद राशि निकाल सकते हैं।

रोजमर्रा की बैंकिंग (जारी)



चेक

एक चेक एक वित्तीय साधन है जो बैंक को एक बैंक खाते से किसी व्यक्ति (या व्यवसाय) को एक विशिष्ट राशि का भुगतान करने का निर्देश देता है। चेक द्वारा भुगतान करने के लिए, आप भुगतान जानकारी जोड़ते हैं, उस पर हस्ताक्षर करते हैं, और इसे उस व्यक्ति को देते हैं जिसे धन देना है। जब वे चेक अपने बैंक खाते में जमा करेंगे, तो आपके खाते से पैसा निकल जाएगा।



प्रमाणित चेक

आपके देश में बैंकर चेक (Bankers Cheque) के समान, यह एक प्रकार का चेक है जिसके लिए जारीकर्ता बैंक गारंटी देता है कि जब प्राप्तकर्ता चेक जमा करने का निर्णय लेगा तो धारक के खाते में पर्याप्त नकदी उपलब्ध होगी।

बैंक ड्राफ्ट

बैंक ड्राफ्ट प्रमाणित चेक का एक विकल्प हैं, जहां जारीकर्ता बैंक द्वारा भुगतान की गारंटी दी जाती है। इन्हें किसी शाखा में जाकर खरीदा जा सकता है। इसका एक उदाहरण हिन्दी में मांग ड्राफ्ट (Demand Draft) हो सकता है।



ओवरड्राफ्ट रक्षण

एक शुल्क का भुगतान करके, यह आपके चेकिंग खाते में होने वाले लेन-देन से कभी-कभी होने वाली कमी को कवर करने में आपकी सहायता करने का एक तरीका है और यदि आप अपने खाते में स्वीकृत सीमा से अधिक की निकासी करते हैं तो इसे कवर किया जाएगा।

पूर्व-अधिकृत भुगतान

ये आवर्ती भुगतान हैं जो आपके बैंक खाते से स्वचालित रूप से निकलते हैं। आप एक कंपनी के साथ एक पूर्व-अधिकृत डेबिट (PAD) सेट कर सकते हैं, उदाहरण के लिए आपका बिजली प्रदाता, ताकि वे आपके खाते से आवर्ती आधार पर स्वचालित रूप से एक पूर्व-निर्धारित राशि को निकाल सकें।

डायरेक्ट डिपॉज़िट (सीधा जमा)

डायरेक्ट डिपॉज़िट चेक जमा करने की ज़रूरत के बिना आपके खाते में भुगतान प्राप्त करने का एक तरीका है (इसका एक उदाहरण आपके वेतन के चेक को सीधे आपके बैंक खाते में जमा करना है)।

क्रेडिट कार्ड

क्रेडिट कार्ड

क्रेडिट कार्ड उस खाते के लिए डिजिटल और/या फिज़िकल क्रेडिट कार्ड है जो आपको जारी किया गया है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग खरीदारी करने, अग्रिम नकद देने के लिए किया जा सकता है या, यदि आपके TD के पास अन्य खाते हैं - इसे TD के पास उन खातों तक पहुंचने के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसमें ये भी शामिल हैं:

- कार्ड का कोई नवीनीकरण या इसे बदलना;
- कार्ड नंबर;
- कार्ड पर अवधि समाप्ति की तारीख; तथा
- CVV2.

क्रेडिट कार्ड खाता

प्राथमिक कार्डधारक के लिए खोला और रखा गया क्रेडिट कार्ड खाता। प्राथमिक कार्डधारक क्रेडिट कार्ड खाते और क्रेडिट कार्ड खाते से किए गए किसी भी लेनदेन के लिए जिम्मेदार है। इसमें किसी भी अतिरिक्त कार्डधारक द्वारा किया गया कोई भी लेनदेन शामिल है। क्रेडिट कार्ड खाते के लिए प्राथमिक कार्डधारक की जिम्मेदारियों के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया अपना कार्डधारक अनुबंध देखें।

प्राथमिक कार्डधारक



जिस ग्राहक ने क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया है, जिसका नाम खाते में है, और जो खाते के लिए जिम्मेदार है।

क्रेडिट कार्ड - क्रेडिट सीमा

क्रेडिट सीमा लेन-देन की वह राशि है जिसे खाते से चार्ज किया जा सकता है। खाते के लिए प्रारंभिक क्रेडिट सीमा प्रकटीकरण विवरण में प्रदान की जाती है। प्राथमिक कार्डधारक यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है कि उनके खाते पर बकाया कुल राशि कभी भी क्रेडिट सीमा से अधिक न हो। ऐसे लेन-देन की अनुमति दी जा सकती है जिससे बकाया राशि क्रेडिट सीमा से अधिक हो जाएगी। यदि क्रेडिट सीमा को पार किया जा सकता है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि खाते की क्रेडिट सीमा बढ़ गई है। क्रेडिट सीमा से अधिक की राशि न्यूनतम भुगतान का हिस्सा बनेगी। कुछ कार्डधारकों के लिए, यदि बकाया राशि क्रेडिट सीमा को पार कर जाती है, तो उनसे सीमा पार करने का शुल्क लिया जा सकता है। यह जानने के लिए कि क्या आपसे सीमा पार करने का शुल्क लिया जाएगा, अपना प्रकटीकरण विवरण देखें।

क्रेडिट कार्ड (जारी)



क्रेडिट कार्ड - उपलब्ध क्रेडिट

उपलब्ध क्रेडिट वह क्रेडिट राशि है जो खाते पर किसी भी समय उपलब्ध कराई जाती है। जब शुल्क, ब्याज शुल्क और समायोजनों सहित लेनदेन को खाते से चार्ज किया जाता है तो उपलब्ध क्रेडिट कम हो जाएगा। कुछ व्यापारी खाते के उपलब्ध क्रेडिट के एक हिस्से पर होल्ड लगा सकते हैं। व्यापारी ऐसा तब कर सकते हैं जब वे लेन-देन पूरा करने से पहले अस्थायी रूप से खाते पर एक खरीद राशि या अनुमानित खरीद राशि को पूर्व-प्राधिकृत करते हैं। जब वे ऐसा करते हैं, तो जब तक कि इस पूर्व-अधिकृत राशि को व्यापारी द्वारा समायोजित नहीं किया जाता है, तब तक उपलब्ध क्रेडिट कम हो जाता है।

क्रेडिट कार्ड - भुगतान देय तारीख

वह तारीख जब क्रेडिट कार्ड पर न्यूनतम भुगतान देय है। भुगतान की देय तारीख आपकी स्टेटमेंट में दिखाई जाती है और हमेशा आपकी स्टेटमेंट की तारीख से कम से कम 21 दिन पर होती है।



क्रेडिट कार्ड - न्यूनतम भुगतान

आपको प्रत्येक भुगतान देय तारीख को या उससे पहले, कम से कम अपनी क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट पर दिखाए गए न्यूनतम भुगतान का भुगतान आवश्य करना होगा। यदि न्यूनतम भुगतान समय पर नहीं किया जाता है, तो खाता अब अच्छी स्थिति में नहीं रहेगा और यह खाते को विभिन्न तरीकों से प्रभावित कर सकता है। यदि आप अपना न्यूनतम भुगतान समय पर करने से चूक जाते हैं तो क्या हो सकता है, इसके बारे में अधिक जानने के लिए, अपना कार्डधारक अनुबंध देखें।

वार्षिक शुल्क

चुनिंदा क्रेडिट कार्ड उत्पाद प्राथमिक कार्डधारकों से एक वार्षिक शुल्क लेंगे जिसका भुगतान वर्ष में एक बार किया जाना अनिवार्य है। कुछ क्रेडिट कार्ड उत्पाद अतिरिक्त कार्डधारकों को जोड़ने के लिए वार्षिक शुल्क भी लेते हैं। अपने वार्षिक शुल्क के बारे में और यह शुल्क कब लिया जाएगा, इसके बारे में अधिक जानने के लिए, अपना प्रकटीकरण विवरण देखें।

रिवॉर्ड आधारित क्रेडिट कार्ड

क्रेडिट कार्ड उत्पाद जहां पॉइंट आपके द्वारा रिवॉर्ड प्रोग्राम से जुड़े खाते से योग्य खरीदारी करने पर अर्जित किए गए रिवॉर्ड पॉइंट होते हैं। आपके द्वारा अर्जित किए गए पॉइंटों की संख्या, राशि और आपके द्वारा खाते से की जाने वाली विशिष्ट प्रकार की खरीदारी, और आपके पास मौजूद क्रेडिट कार्ड के प्रकार पर निर्भर करेगी। रिवॉर्ड प्रोग्राम के बारे में अधिक जानने के लिए, अपना कार्डधारक अनुबंध देखें।

क्रेडिट कार्ड (जारी)

कैश बैक आधारित क्रेडिट कार्ड

क्रेडिट कार्ड उत्पाद जहां कैश बैक डॉलर आपके द्वारा कैश बैक प्रोग्राम से जुड़े खाते से योग्य खरीदारी करने पर अर्जित किए गए रिवॉर्ड पॉइंट होते हैं। आपके द्वारा अर्जित किए गए कैश बैक डॉलरों की संख्या, राशि और आपके द्वारा खाते से की जाने वाली विशिष्ट प्रकार की खरीदारी, और आपके पास मौजूद क्रेडिट कार्ड के प्रकार पर निर्भर करेगी। कैश बैक प्रोग्राम के बारे में अधिक जानने के लिए, अपना कार्डधारक अनुबंध देखें।

क्रेडिट स्कोर

क्रेडिट स्कोर 300 और 900 के बीच की एक रेटिंग है जिससे वित्तीय संस्थान और ऋणदाता क्रेडिट प्रबंधन की आपकी क्षमता को जान सकते हैं। आपका स्कोर जितना अधिक होगा, क्रेडिट को प्रबंधित करने की आपकी क्षमता का आकलन उतना ही बेहतर होगा।



क्रेडिट हिस्ट्री

वित्तीय संस्थानों, रिटेलरों और अन्य उधारदाताओं से एकत्रित की गई इस बारे में तथ्यों की एक सूची कि आपने अतीत में क्रेडिट को कैसे संभाला है। धनात्मक क्रेडिट की जानकारी आपकी फ़ाइल पर अनिश्चित काल तक रहेगी, जबकि ऋणात्मक क्रेडिट की जानकारी आपकी फ़ाइल पर आपके निवास के प्रांत के आधार पर लगभग 6-7 वर्षों तक रहेगी। यह जानकारी आपकी क्रेडिट योग्यता की एक प्रोफाइल बनाती है, जिसे आपकी क्रेडिट रेटिंग कहा जाता है। आपकी क्रेडिट रेटिंग का उपयोग बैंकों और अन्य कंपनियों को यह तय करने में मदद करने के लिए किया जाता है कि क्या वे आपको पैसे उधार लेने की अनुमति देंगे, और कितना।



क्रेडिट ब्यूरो रिपोर्ट

क्रेडिट हिस्ट्री को कैनेडा के केंद्रीय क्रेडिट ब्यूरो द्वारा संकलित किया जाता है। जब कोई वित्तीय संस्थान किसी खाते के लिए क्रेडिट के लिए किसी आवेदन पर विचार करता है, तो वह आवेदक की उनकी क्रेडिट रिपोर्ट तक पहुंचने के लिए, जो आवेदक के क्रेडिट हिस्ट्री का सारांश प्रदान करता है, उसकी सहमति का अनुरोध करेगा। आपके देश में इसका एक उदाहरण क्रेडिट रिपोर्ट हो सकता है।

क्रेडिट जाँच

उधार ली गई धनराशि को चुकाने के लिए ग्राहक के ट्रैक रिकॉर्ड को समझने के लिए, क्रेडिट ऋणदाता या अन्य पक्ष (जैसे संभावित मकान मालिक) द्वारा ग्राहक के क्रेडिट हिस्ट्री की एक समीक्षा। यदि कोई ऋणदाता या अन्य पक्ष प्रारंभिक क्रेडिट जांच कर रहा है, तो इसे केवल ग्राहक की सहमति से ही पूरा किया जा सकता है।

मॉर्गेज

मॉर्गेज

अचल संपत्ति द्वारा सुरक्षित एक ऋण, जो भारत में एक आवास ऋण (Home Loan) के समान हो सकता है।

अग्रिम भुगतान

वह राशि जो आप घर खरीदने के लिए देते हैं। खरीद मूल्य से अग्रिम भुगतान को निकालने से वह राशि मिलती है जो आपको उधार लेने की ज़रूरत है।

मॉर्गेज की अवधि

ऋण की अवधि (Term of Loan) के समान, यह आपकी ब्याज दर से जुड़े वर्तमान मॉर्गेज ऋण समझौते की अवधि है।

मूल्यांकन

एक अधिकृत मूल्यांकक द्वारा, आमतौर पर उधार उद्देश्यों के लिए, संपत्ति के मूल्य का निर्धारण करने की प्रक्रिया। यह मूल्य घर के खरीद मूल्य के समान हो भी सकता है और नहीं भी।

निश्चित ब्याज दर मॉर्गेज

ऐसा मॉर्गेज जिसके लिए एक विशिष्ट समयावधि (अवधि) के लिए ब्याज की दर तय की जाती है। यह भारत में ब्याज की निश्चित दर (Fixed Rate of Interest) के समान है।

परिवर्तनशील ब्याज दर मॉर्गेज

ऐसा मॉर्गेज जिसके लिए बेस दर में परिवर्तन होने पर ब्याज दर में परिवर्तन होता है। उस दर परिवर्तन के साथ भुगतान राशि बदल भी सकती है और नहीं भी। भारत में इसकी उदाहरण ब्याज की अस्थिर दर (Floating Rate of Interest) हो सकती है।

मॉर्गेज (जारी)

पारंपरिक मॉर्गेज

ऐसा मॉर्गेज जो घर की खरीद कीमत या मूल्य के 80%, जो भी कम हो, से अधिक नहीं होता है।

उच्च अनुपात मॉर्गेज

ऐसे मॉर्गेज जो घर की खरीद कीमत या मूल्य (जो भी कम हो) के 80% से अधिक हों। उच्च अनुपात बंधकों का किसी मॉर्गेज बीमाकर्ता, जैसे CMHC (कैनेडा मॉर्गेज एंड हाउसिंग कार्पोरेशन) द्वारा भुगतान चूक के खिलाफ बीमा अनिवार्य होता है और उधारकर्ता को अतिरिक्त प्रीमियम का भुगतान करने की आवश्यकता होगी।

निवेश करना

GICs और टर्म डिपॉज़िट (मियादी जमा)

एक प्रकार की जमा राशि जो आपके मूल निवेश के पुनर्भुगतान की गारंटी देती है और आमतौर पर निर्दिष्ट समय के लिए पूर्व निर्धारित ब्याज दर का भुगतान करती है। यह आपके देश में मियादी जमा (Fixed Deposit) जैसा हो सकता है।



म्युचुअल फंड (MF)

कई निवेशकों की ओर से, जिनके पास फंड में “युनिट” होते हैं, पेशेवरों द्वारा प्रबंधित निवेशों का एक पोर्टफोलियो।

टैक्स-फ्री सेविंग अकाउंट (TFSA)

फेडरल सरकार के साथ पंजीकृत एक निवेश साधन जो आपको अपना पैसा कर-मुक्त बढ़ाने और निकालने का अवसर देता है, और आपको विभिन्न अल्पकालिक और लंबे समय के लक्ष्यों के लिए बचत करने की लचकता प्रदान करता है। अपनी TFSA योगदान सीमा - वह अधिकतम राशि जो आप किसी भी वर्ष में TFSA में योगदान कर सकते हैं - को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है।

रजिस्टर्ड रिटायरमेंट सेविंग्स प्लान (RRSP)

फेडरल सरकार के साथ पंजीकृत एक कर-लाभकारी निवेश साधन जिसमें योगदान कर-कटौतीयोग्य होता है और निवेश पर कमाई पर कर स्थगित किया जाता है। एक पंजीकृत योजना जो आपको कर को सेवानिवृत्ति तक स्थगित करते हुए कर काटने से पहले धन का योगदान करने की अनुमति देकर आपकी सेवानिवृत्ति के लिए बचत करने में मदद करती है। धन के एक हिस्से का उपयोग आपका पहला घर खरीदने और सतत शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी किया जा सकता है। RRSP योगदान सीमा - वह अधिकतम राशि जो आप किसी भी वर्ष में RRSP में योगदान कर सकते हैं - को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है।

रजिस्टर्ड एजुकेशन सेविंग्स प्लान (RESP)

फेडरल सरकार के साथ पंजीकृत एक कर-लाभकारी निवेश साधन जो आपको विशेष रूप से किसी बच्चे की सैकेंडरी के बाद की शिक्षा के लिए पैसे अलग रखने में सक्षम बनाता है। एक पंजीकृत योजना जो सरकारी अनुदान और कर-आस्थगित विकास के साथ एक बच्चे की सैकेंडरी के बाद की शिक्षा के लिए बचत करने में आपकी मदद करती है। आप अपनी कर-पश्चात पारिवारिक आय और निवास के प्रांत के आधार पर अतिरिक्त अनुदान और बांड के लिए भी पात्र हो सकते हैं।

मनी ट्रांसफर

Interac e-Transfer®

Interac e-Transfer®, जो कि हिंदी में विद्युत धन अंतरण (Electronic Funds Transfer) के समान है, भाग लेने वाले कैनेडियन बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों में व्यक्तिगत और व्यावसायिक खातों के बीच एक फंड ट्रांसफर सेवा है, जो इंटरैक कॉर्पोरेशन (Interac Corporation) के माध्यम से पेश की जाती है। आप ईमेल पते, या मोबाइल और किसी कैनेडियन वित्तीय संस्थान में बैंक खाते वाले किसी व्यक्ति या व्यवसाय को पैसे भेज सकते हैं।

वायर्स

एक वायर ट्रांसफर कैनेडा के अंदर या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, एक व्यक्ति या व्यवसाय से दूसरे को एक इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर है। यह आमतौर पर एक शाखा में किया जाता है, हालांकि कुछ वित्तीय संस्थान यह सेवा ऑनलाइन भी प्रदान करते हैं। यह भारत में तार अंतरण (Wire Transfer) जैसा हो सकता है।

ग्लोबल ट्रांसफर

आपके देश में अंतर्राष्ट्रीय तार अंतरण (International Wire Transfer) से मिलता-जुलता, ग्लोबल ट्रांसफर एक ऐसी सेवा है जो आपको अपनी बैंकिंग वेबसाइट या मोबाइल ऐप का उपयोग करके सीधे अपने खाते से अपने पसंदीदा तरीके से अंतरराष्ट्रीय तौर पर पैसे भेजने की सुविधा देती है।

Western Union® Money Transfer℠

आप Western Union® Money Transfer℠ भेज सकते हैं जिसे 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों में Western Union® एजेंट स्थानों पर नकदी के रूप में लिया[1] जा सकता है।

Visa* डायरेक्ट

आप अपने खाते से कैनेडा के अंदर और अंतरराष्ट्रीय दोनों तौर पर, अपने प्राप्तकर्ता के योग्य Visa* कार्ड में पैसे भेज सकते हैं।

हम आगे बढ़ने में आपकी मदद करने के लिए तैयार हैं।

कैनेडा में अपने नए जीवन का निर्माण करते समय हम हर कदम पर आपका समर्थन करने के लिए तत्पर हैं। **अधिक जानने के लिए किसी भी TD शाखा में आकर हमसे मिलें, हमें 1-866-222-3456 पर कॉल करें या td.com/newtocanadasolutions पर जाएं।**

[1] Western Union एजेंट स्थान प्राप्तकर्ता को वैकल्पिक पिकअप विकल्प भी उपलब्ध करा सकते हैं।

Interac® e-Transfer, Interac Corp का एक पंजीकृत ट्रेडमार्क है। लाइसेंस के अंतर्गत उपयोग किया गया।
WESTERN UNION नाम, लोगो और संबंधित ट्रेडमार्क और सेवा चिह्न, Western Union Holdings, Inc. के स्वामित्व में हैं, पंजीकृत हैं और/या अमेरिका और कई विदेशों में उपयोग किए जाते हैं और अनुमति के साथ उपयोग किए जाते हैं।
*Visa International Service Association का ट्रेडमार्क; लाइसेंस के तहत उपयोग किया गया।
® TD लोगो और अन्य ट्रेडमार्क The Toronto-Dominion Bank या उसकी सहायक कंपनियों की संपत्ति हैं।